मुकुल गोयल,
आई0पी0एस0

डीजी परिपत्र सं0 - 31 /2021

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।
पुलिस मुख्यालय, गोमती नगर विस्तार,
लखनऊ-226010

दिनांकः अगस्त 28 ,2021

विषयः- क्रिमिनल मिंस बेल एप्लीकेशन संख्या-46998/2020 जुनैद बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांकित 09.07.2021 के अनुपालन में POCSO Act 2012 के अभियुक्तों द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में योजित होने वाले जमानत प्रार्थना पत्रों पर Instructions उपलब्ध कराये जाने हेतु Timeline निर्धारित किये जाने के संबंध में।

प्रिय महोदय/महोदया,

कृपया परिपत्र के साथ संलग्न क्रिमिनल मिस बेल एप्लीकेशन संख्या-46998/2020 जुनैद बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांकित 09.07.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- मा0 उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश में POCSO Act 2012 के अभियुक्तों द्वारा प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र पर Instructions उपलब्ध कराने हेतु 10 दिवस की Timeline निर्धारित करते हुये Timeline के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा तय समय-सीमा के भीतर Instructions मा0 उच्च न्यायालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। मा0 उच्च न्यायालय द्वारा POCSO Act 2012 के प्रकरणों में जमानत प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई निर्धारित समय-सीमा के बाद दसवें दिन की जायेगी।

मा0 न्यायालय द्वारा निर्धारित Timeline निम्नवत है-

75. Accordingly, the following timeline to execute the different statutory functions by the respective authorities shall be implemented:

| S.No. | | Time period |
|---|---|---|
| 1. | Information of crime to be given by local police/SJPU to CWC (Ref: Section 19(6) of the POCSO Act 2012). | 24 hours after report of crime |
| 2. | Time period for CWC for creation of an assessment report and to identify person from amongst the parents/guardian/person in whom the child has trust or to nominate support person (if required) who is best suited to protect the best interests of child and receive bail notice on its behalf. | Within 3 days from date of lodgement of the F.I.R. |
| 3. | Time period for service of notice of bail application by the local police/SJPU upon CWC. | Within 3 days from the date of service of notice of bail application upon the office of the Government Advocate at the High Court. |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | Time period for service of notice of bail application by the local police/SJPU upon the child and to apprise it about information and services entitled under the POCSO Act, 2012 read with POCSO Rules, 2020. | Within 4 days from date of service of notice of bail application upon office of Government Advocate at High Court. |
| 5. | Time period for CWC and District Legal Services Authority for providing legal aid before the hearing of the bail application in the District Court. CWC shall also provide details of information and services entitled to the child under the POCSO Act, 2012 read with POCSO Rules, 2020. | Within 5 days from date of receipt of notice of bail application by CWC |
| 6. | Time period for CWC and High Court Legal Services Committee, DLSA for providing legal aid before hearing of the bail application in the High Court and District Court respectively. | Within 5 days from date of receipt of notice of bail application by CWC |
| 7. | Time period for child/child's parents/guardian/any other person in whom the child has trust and confidence/support person to engage counsel of choice for the hearing of the bail application before the High Court and the District Court. | Within 5 days from date of service of notice of bail application by local police/SJPU upon the child. |
| 8. | Time period for police authorities to provide instructions to the Government Advocate, along with report of service of bail application upon victim and CWC, report apprising the child of entitled information and services under the POCSO Act, 2012 read with POCSO Rules, 2020 and other reports described earlier. | Within 8 days after date of service of notice of bail application upon the office of the Government Advocate at the High Court. Under all circumstances the same should be provided to the Government Advocate before the bail application is placed before the Court. |
| 9. | Time period for CWC to submit report before the High Court regarding the status of information and services including legal aid provided to the child. | Report to be produced when bail application is first placed before the Court. |
| 10. | Time period for HCLSC and DLSA to inform the High Court and trial court respectively about the grant of legal aid to the victim and requisition in this regard by CWC. | When the bail application is placed before the court. |
| 11. | Time for the Registry to place the bail application before the Court | On the 10th day after service of notice of bail application upon the office of the Government Advocate at the High Court. |

76. The timeline of duties stated above has to be strictly adhered to by the respective authorities.

मा0 उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय के प्रस्तर-75 में निर्धारित Timeline के परिशीलन से स्पष्ट है कि जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई से पूर्व स्थानीय पुलिस / Child Welfare Committee (CWC), Special Juvenile Police Unit (SJPU), District Legal Services Authority (DLSA), High Court, Legal Services Committee (HCLSC) आदि को भी पीड़ितों / उनके अभिभावकों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने एवं तदनुसार रिपोर्ट मा0 उच्च न्यायालय के समक्ष जमानत प्रार्थना पत्र सुनवाई से पूर्व प्रस्तुत किये जाने का निर्देश दिया गया है। उपरोक्त Timeline के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु निर्णय के प्रस्तर-89 में निम्नवत निर्देश दिये गये हैं।

89. For this purpose the following directions are being issued:

I. The Director General of Police, UP Police/competent officer in the PHQ shall create a framework and standard operating procedures for the State of U.P. to ensure compliance of the directions and strict adherence to the timeline of duties stated earlier. The framework shall include nomination of officials responsible for executing specific tasks with a corresponding time line.

II. The Senior Superintendent of Police/ Deputy Commissioner of Police/Superintendent of Police (in districts where there is no post of Senior Superintendent of Police) of the concerned district shall be the nodal officer, who shall supervise the staff charged with the duty of actually serving the bail notice upon the victim and the CWC, imparting information about entitlements under the POCSO Act, 2012 read with POCSO Rules, 2020 to the victim, and submitting the assessment (Form 37 B) to the CWC and to furnish timely instructions to the Government Advocate/District Government Counsel in bail applications. In case, there is default on part of such official, the S.S.P./ D.C.P/ S.P. of the concerned district shall take immediate action in accordance with law against such erring official.

III. The Director General of Police shall create a State Level Committee headed by Officer not below than the rank of Additional Director General of Police. The aforesaid committee shall prepare biannual reports which review the working and implementation of the above said directions throughout the State of U.P., & examine the action taken against the officials who violate the directions.

IV. The District Magistrate of the concerned district to ensure that the reports as directed in this order are produced by the CWC before the Court when the bail application is placed in Court. Appropriate action shall be taken against those who default.

V. Biannual reports shall be prepared by the Principal Secretary / competent authority in the Ministry of Child Welfare, Government of U.P. regarding compliance of the directions by the CWCs in State of U.P. and the action taken against erring officials.

VI. Reports under Direction Nos. III and V shall be placed before the High Court Legal Services Committee; High Court Committee for monitoring the expeditious disposal of rape and Protection of Children From Sexual Offences Act cases; High Court Committee for monitoring implementation of the provisions of Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2000, twice in an year.

VII. The Director General of Police, U.P., the Principal Secretary, Child Welfare Committee, Government of U.P., L.R., Government of U.P. to respectively file compliance affidavits before the Registrar General, Allahabad High Court, Allahabad on or before 12.09.2021.

VIII. The Registry shall ensure that the child or its parents are not joined as parties to the bail application by name. It should also be ensured that any other information like address or neighbourhood which will reveal the identity of the child shall not be stated in the bail application. The aforesaid details shall be anonymised.

IX. The Registrar General shall ensure compliance of all the directions, related to the Registry of this Court.

उपरोक्त अंकित निर्देशों में से निर्देश संख्याः (I), (II), (III) व (VII) का अनुपालन उ0प्र0 पुलिस स्तर से किया जाना है। मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांकित 09.07.2021 के अनुपालन हेतु निम्नवत कार्यवाही किये जाने के निर्देश निर्गत किये जा रहे हैं-

1. POCSO Act, 2012 के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांकित 09.07.2021 का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु Framework तथा Standard Operating Proceedure (SOP) तैयार करने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन को नामित किया जाता है।
2. प्रत्येक जनपद के पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक तथा कमिश्नरेट के पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी को निर्णय दिनांकित 09.07.2021 के द्वारा निर्धारित Timeline के अन्तर्गत Instruction मा0 उच्च न्यायालय को उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही का पर्यवेक्षण करने हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। यदि निर्धारित समय-सीमा के अन्दर Instruction उपलब्ध कराये जाने में किसी की शिथिलता प्रकट होती हो तो सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा दोषी कार्मिक के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
3. इस मुख्यालय के आदेश संख्याःडीजी-दस-वि0प्र0-रिट-23/2021 दिनांकित 28 .08.2021 द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय समिति का गठन

किया गया है, जो मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति तथा निर्देशों के अनुपालन में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही की समीक्षा करेगी।

4. मा0 न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाये।

उपरोक्त के क्रम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त सम्बन्धित न्यायिक निर्णय का भलीभाँति अध्ययन करलें तथा मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें ।

प्रकरण मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन से संबंधित है, अतः समस्त अपर पुलिस महानिदेशक, जोन का व्यक्तिगत ध्यानाकर्षण अपेक्षित है।

भवदीय,

(मुकुल गोयल)

1. समस्त पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ।
2. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ।
3. समस्त अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ।
4. पुलिस आयुक्त, लखनऊ/वाराणसी/कानपुर नगर/गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 ।
5. समस्त पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र, उ0प्र0 ।
6. समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक /पुलिस अधीक्षक/प्रभारी जनपद, उ0प्र0।